कार्यालय प्राचार्य

शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

सम्बद्धः–शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़

Website- www.gpdcollegeraigarh.com **College Code – 3203** E-Mail – pdcollege.raigarh@gmail.com



# Report

Event Name: Constitution Day Celebration

Event Date: 25 November 2023

No. of Participants: 63

Event Report: Constitutional Day Celebration was organised by Govt. P.D. Commerce and Arts College Raigarh C.G. in which Honourable Additional District and session Judge, Raigarh Shri Virendra Arora was our Chief Guest he emphasised on the rights and duties of individual and stated that both are equally important for oneself. And one should be sincerely obliged towards their duty. It is the duty of individual to uphold the constitutional.



कार्यालय प्राचार्य
शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

Website- www.gpdcollegeraigarh.com College Code - 3203 E-Mail – pdcollege.raigarh@gmail.com

दिनांक 20.11.2023

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में "संविधान दिवस" का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु समस्त छात्र–छात्रायें दिनांक 25.11.2023 समय 10.00 बजे को महाविद्यालय में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसका विवरण निम्नानुसार है–

| क. | दिनांक | समय | विधा |
|---|---|---|---|
| 1 | 24.11.2023 | 10.00 बजे | पोस्टर प्रतियोगिता |
| 2 | 24.11.2023 | 11.00 बजे | भाषण प्रतियोगिता (संविधान और मूल अधिकार) |
| 3 | 24.11.2023 | 12.00 बजे | रंगोली प्रतियोगिता |

कार्यक्रम में भाग लेने हेतु समस्त छात्र–छात्रायें प्रो. हेमकुमारी पटेल, प्रो. अंशुमाला कुजुर, प्रो. नफीसा बानो से संपर्क करें।

प्राचार्य
PRINCIPAL
Government Paluram Dhanania
Commerce And Arts College
Raigarh (Chhattisgarh)


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


विधिक शिक्षा केन्द्र
संविधान दिवस कार्यक्रम
विधिक साक्षरता शिविर
स्थान
दिनांक
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA



# संविधान का पालन करना हमारा मूल कर्तव्य : वीरेंद्र अरोरा

## पीडी कालेज में विधिक शिक्षा केन्द्र द्वारा संविधान दिवस का आयोजन

**रायगढ़।** शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार विधिक शिक्षा केन्द्र द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र अरोरा,(अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़) विशिष्ट अतिथि भास्कर मिश्र(न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,रायगढ़), गुलापम राम यादव (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रायगढ़) प्रांजली नेताम (एडिशनल जज द्वितीय श्रेणी, रायगढ़)उपस्थित रहे।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात् अपने संक्षिप्त उद्बोधन में न्यायाधीश प्रांजलि नेताम ने संविधान के अनुच्छेद 22 के अंतर्गत गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की। न्यायाधीश गुलापम राम यादव ने उद्बोधन करते हुए कहा कि 26 नवंबर 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है इससे पूर्व इसे विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था तथा भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। न्यायाधीश भास्कर मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना संविधान का नींव है और हमें इसका पालन और संरक्षण करना चाहिए तथा अधिकार से पहले हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र अरोरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान समस्त विधियों काजड़ है और यदि हम संविधान का पालन निष्ठापूर्वक करेंगे तब हमारा देश सुचारू रूप से कार्य करेगा और विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों पर विशेष बल दिया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. पी. यादव ने कहा कि कानून के ज्ञान के साथ-साथ स्वयं की जागरूकता भी अति आवश्यक है तथा समस्त व्यक्तियों को संविधान का ज्ञान होना आवश्यक है। विधिक शिक्षा केन्द्र के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहाकि संविधान निर्माताओं ने बहुत ही अच्छी तरीके से संविधान का निर्माण किया है। हमें संविधानका सम्मान एवं ईमानदारी से पालन करना होगा।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमेंचित्रकला प्रतियोगिता में हंसिका शर्मा बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, कली कुमारी शर्मा, बी.ए.एल-एल.बी.पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान, निरंजन यादव, बी.ए.एल-एल.बी.पंचम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।भाषण प्रतियोगिता में योगेश कुमार देवांगन, बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुप्रिया शर्मा बी.ए.एल-एल.बी.पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।रंगोली प्रतियोगिता में राखी यादव, बी.ए.एल-एल.बी. सप्तम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, काजल चावले, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, एकला यादव बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंत में डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डीएस. पटेल, इलेक्टिसिट्टी इंजीनियर, हरि पटेल, अधिवक्ता, सहायक प्राध्यापक टीएस पैंकरा, अंशु माला कुजूर, भूतनाथ पटेल, विमला टंडन, किरण काटजू, नफीस बानो और बी.ए.एल-एल.बी. के 63 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार नायक ने मंच का संचालन किया।

